प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.01.2026 समय : 18.30 पीएम

0000

- कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगायां
- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने नामांकन दाखिल कियां
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा –लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा और सदन की गरिमा बनाए रखना सभी विधानसभा अध्यक्षों की सामूहिक जिम्मेदारी हैं
- प्रदेश में आज कई स्थानों पर मौसम के मिजाज में बदलावं

00000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया हैं नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा के तहत कांग्रेस द्वारा दिए गए अधिकार केवल कागजों तक ही सीमित रहे हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने विचारों, विचारधारा और आदर्शों को त्याग दिया है और देश के विकास या गरीबों के कल्याण से उसका कोई लेना–देना नहीं हैं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम पूरे देश में लागू होगा और प्रत्येक ग्राम पंचायत इसके दायरे में आएगीं श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया हैं

.....

0000

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये आज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपना नामांकन दाखिल कियां नामांकन प्रक्रिया के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और कुछ अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित थें राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी की राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों से बने समूह द्वारा किया जाता हैं वर्तमान में, यह पद केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के पास हैं श्री नड्डा को जून 2019 में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था और बाद में जनवरी 2020 में उन्हें निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुना गयां

00000

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष–आईएमएफ ने वर्ष 2025 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान शून्य दशमलव सात अंक बढ़ाकर सात दशमलव तीन प्रतिशत कर दिया हैं विश्व आर्थिक आउटलुक अपडेट में आईएमएफ ने कहा कि यह वृद्धि इस वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में मजबूत गति को दर्शाती हैं आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि छह दशमलव चार प्रतिशत का अनुमान व्यक्त किया हैं

0000

देश में एमएसएमई क्षेत्र के 3 लाख से ज्यादा उद्यमों के लिये सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 52 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण मंजूर किये गये हैं वित्त मंत्रालय ने बताया कि ये ऋण आवेदन इस वित्त वर्ष में दिसम्बर तक स्वीकृत किए गए हैं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने एमएसएमई के लिए डिजिटल फुटप्रिंट पर आधारित क्रेडिट असेसमेंट मॉडल शुरू किया हैं इस प्रणाली में स्वचालित प्रकिया से ऋण मूल्यांकन में तेजी आती हैं

0000

राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त और विकास निगम ने इस वित्तीय वर्ष में 20 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए हैं योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारियों और दिव्यांगजनों सहित 1 हजार 381 लाभार्थियों को रियायती ब्याज पर ऋण दिया गया हैं योजना के तहत इस महीने जिला स्तरीय समितियों द्वारा साक्षात्कारों का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद ऋण राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगीं इसके साथ ही प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को 50 हजार रुपये तक का अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा हैं

0000

प्रदेश के छोटे शहरों में उभरती स्टार्टअप संस्कृति युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आ रही हैं जो युवा पहले काम के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करते थे, वे अब जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर जैसे शहरों में अपने स्वयं के उद्यम शुरू कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं यह युवा न केवल स्वयं को स्थापित कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा कर रहे हैं

राज्य सरकार की प्रोत्साहन नीतियों के कारण ये शहर अब नए व्यवसायों के केंद्र के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं जोधपुर संवाददाता के अनुसार, युवाओं में नवाचार और स्वरोजगार के प्रति बढ़ते रुझान से आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिल रही हैं

....

0000

लखनऊ में आज से 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन शुरू हुआं सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा और सदन की गरिमा बनाए रखना सभी विधानसभा अध्यक्षों की सामूहिक जिम्मेदारी हैं श्री बिरला ने कहा कि वर्ष 2015 में हुए सम्मेलन के बाद से देश के लगभग सभी विधानमंडल आधुनिक और कागज रहित (पेपरलेस) हो चुके हैं और सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो रहा हैं उन्होंने जोर देकर कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा सदन में रखी गई बात सरकार तक पहुँचनी चाहिए और उसका सकारात्मक परिणाम निकलना चाहिएं उन्होंने इस सम्मेलन को नई ऊर्जा और लोकतांत्रिक मूल्यों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच बतायां

0000

जयपुर में भारतीय सेना के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में आज एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गयां महल रोड पर आयोजित इस समारोह में सप्त शक्ति कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले सैनिकों, अधिकारियों और नागरिकों को सम्मानित कियां इस अवसर पर उन्होंने सेना और जनता के बीच बढ़ते समन्वय की सराहना कीं गौरतलब है कि इस वर्ष सेना ने अपना स्थापना दिवस छावनी से बाहर निकलकर आम जनता के बीच मनाया हैं समारोह में विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों को भी उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गयां

0000

इस वर्ष नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया हैं इनमें आय और रोजगार सृजन में अनुकरणीय कार्य करने वाले, सर्वश्रेष्ठ नवप्रवर्तक, स्टार्टअप, स्वयं सहायता समूह और विभिन्न सरकारी पहलों के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोग शामिल हैं रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन अतिथियों को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आमंत्रित किया गया हैं

0000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर मौसम के मिजाज में अचानक बदलाव आया हैं राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आज घने बादल छाए रहे, जिससे बारिश और तेज हवाओं की संभावना बनी हुई हैं मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, राज्य में 22 से 24 जनवरी के दौरान एक नया और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ प्रभावी होगां इसके असर से जोधपुर, बीकानेर और शेखावाटी क्षेत्र में मावठ की संभावना हैं मौसम विभाग ने इस दौरान जयपुर और भरतपुर संभाग में भी हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया हैं विभाग के अनुसार, अगले दो–तीन दिनों तक तापमान में आंशिक बढ़ोतरी होगी, लेकिन 22 जनवरी के बाद पारे में फिर गिरावट आएगीं राज्य के कुछ हिस्सों में मध्यम कोहरा छाए रहने की भी संभावना हैं

0000

सवाईमाधोपुर में आयोजित अमरूद महोत्सव और कृषि तकनीक मेले में फलों के विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया हैं पंजाब के अबोहर के सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट–हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अमरूद से बने उत्पाद लोगों को आकर्षित कर रहे हैं संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि फलों को सीधे बेचने के बजाय उनसे नए खाद्य पदार्थ बनाकर लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे किसानों को अधिक लाभ मिलता हैं उन्होंने कहा कि युवाओं को इन उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण देकर खुद का काम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं कृषि क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भी इस आयोजन को नई तकनीक सीखने और रोजगार के अवसर समझने के लिए उपयोगी बताया हैं सवाईमाधोपुर के शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने बताया कि अमरूद महोत्सव और कृषि तकनीक मेले से उन्हें काफी कुछ नया सीखने को मिला हैं

00000

बालोतरा जिले में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए नए स्टेडियम के निर्माण का कार्य शुरू हो गया हैं राज्य सरकार की बजट घोषणा और नगर विकास न्यास के गठन के बाद इस दिशा में कदम उठाया गया हैं जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया कि इस स्टेडियम के बनने से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलेगां

.....

क्षेत्रीय विधायक अरुण चौधरी ने कहा कि नए खेल परिसर के बनने से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की खेलों में रुचि बढ़ेगीं इस परियोजना को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों और युवाओं में उत्साह देखा जा रहा हैं

00000

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज वंचित वर्गों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गयां इसी कड़ी में पाली नगर निगम कार्यालय में घुमंतु समुदाय के परिवारों के लिए एक विशेष शिविर लगाया गया हैं इस शिविर का मुख्य उद्देश्य घुमंतु समुदाय के व्यक्तियों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना रहीं शिविर प्रभारी प्रवीण सिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस समुदाय के लोगों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और मूल निवास जैसे आवश्यक दस्तावेज मौके पर ही बनाए गयें

0000

रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर और रामदेवरा के बीच विशेष रेलसेवा शुरू की जा रही हैं यह गाड़ी 20 से 28 जनवरी तक रोजाना चलेगीं जोधपुर से ये ट्रेन सुबह साढ़े नौ बजे रवाना होकर दोपहर 1 बजे रामदेवरा पहुँचेगीं वापसी में यह गाड़ी रामदेवरा से दोपहर 2:00 बजे चलकर शाम साढ़े 5 बजे भगत की कोठी पहुँचेगीं यह ट्रेन मार्ग में राईकाबाग, मंडोर, ओसियां और फलौदी सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगीं

00000